# निवेश का झांसा देकर नर्सिंग अफसरों से 3 करोड़ की ठगी

- विभागीय अर्दली ने रचा था ठगी का जाल
- पत्नी-मां के नाम की फर्मों में रकम डलवाई

**अधिकारियों ने बैंक से कर्ज लेकर जुटाई थी राशि**

आरोपी ने पीड़ितों से 2 करोड़ 92 लाख रुपये अलग-अलग किश्तों में लिए, नरेंद्र कुमार सागर से 91 लाख, दयानंद बेनीवाल से 62 लाख, अयुष दधीच से 1.08 करोड़ और दलवीर प्रजापत से 91.38 लाख रुपये लिए. चौंकाने वाली बात यह है कि अधिकांश रकम पीड़ितों ने बैंक से लोन लेकर जुटाई थी. जब उन्होंने निवेश का ब्यौरा मांगा तो आरोपी टालमटोल करता रहा.

**फर्मों के बैंक खातों और लेनदेन का रिकॉर्ड खंगाल रही पुलिस**

पुलिस अब कथित फर्मों के बैंक खातों और लेनदेन का रिकॉर्ड खंगाल रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि करोड़ों रुपये कहां स्थानांतरित किए. प्रारंभिक जांच में यह भी देखा जा रहा है कि रकम को किसी अन्य खाते में घुमाया तो नहीं गया. मामले में थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी. यदि रकम का दुरुपयोग सिद्ध होता है तो संपत्ति कुर्की (अस्थायी जब्ती) की कार्रवाई भी की जा सकती है.

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** हीरानगर थाना क्षेत्र में निवेश के नाम पर करीब तीन करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है. कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) में पदस्थ एक अर्दली ने उसी संस्थान के चार नर्सिंग अधिकारियों को प्रॉपर्टी कारोबार में मोटे मुनाफे का झांसा देकर 2.92 करोड़ रुपये ऐंठ लिए. रकम पत्नी और मां के नाम संचालित फर्मों में लगाने का दावा किया, लेकिन न तो जमीन दिखाई गई और न ही पैसा वापस मिला. पुलिस ने मुख्य आरोपी के साथ उसकी पत्नी और मां को भी प्रकरण में सह-आरोपी बनाया है.

थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि नर्सिंग अधिकारी नरेंद्र कुमार सागर, दयानंद बेनीवाल, अयुष दधीच और दलवीर प्रजापत की शिकायत पर दीपेश रायकवार, उसकी पत्नी आकांक्षा रायकवार और मां शीला रायकवार के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज की थी. जांच में सामने आया कि दीपेश उसी विभाग में अर्दली था. उसने सहकर्मियों से नजदीकी बढ़ाई और खुद को प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त के बड़े कारोबार से जुड़ा बताकर निवेश पर ऊंचा मुनाफा दिलाने का भरोसा दिया. आरोप है कि आरोपी ने 'रायकवार ट्रेडर्स' और 'एकदंत' नाम की फर्मों के जरिए पैसा निवेश करने की बात कही.

# सगे चाचा-चाची ने 15 साल की किशोरी को 5 लाख में बेचा




- जीआरपी ने किया मानव तस्करी का सनसनीखेज खुलासा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** बिहार की एक 15 वर्षीय किशोरी ने बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) इंदौर के समक्ष दिए बयान में खुलासा किया कि उसके ही सगे चाचा-चाची ने उसे कथित रूप से 5 लाख रुपये में राजस्थान में शंकर नाम के व्यक्ति को बेच दिया. आरोपी उसे बिहार से ट्रेन में बैठाकर अपने साथ ले गया, जहां उससे दुष्कर्म किया. घर का काम करवाया जाता. विरोध करने पर उसे प्रताड़ित किया जाता और धमकाया जाता कि तुझे पैसे देकर खरीदा है. पीड़िता ने पुलिस को यह भी बताया कि हिम्मत जुटाकर एक रात वह घर से भाग निकली और ट्रेन के जरिये इंदौर पहुंच गई. स्टेशन पर जागरूक यात्रियों ने उसे जीआरपी के हवाले किया था.

जीआरपी ने मामले की गंभीरता को समझते हुए पीड़िता को राऊ स्थित जीवन ज्योति संस्था में भेजा तथा तुरंत सीडब्ल्यूसी को पूरे मामले से अवगत करवाया. इसके बाद मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए इंदौर जीआरपी पुलिस ने शून्य पर प्रकरण दर्ज कर पॉक्सो एक्ट व विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया. मेडिकल जांच के बाद प्रकरण संबंधित थाना मरोना, जिला सुपौल (बिहार) को आगे की जांच के लिए तत्काल भेज दिया है.

# बिना ओटीपी के खाते से 1.34 लाख किए पार

**इंदौर.** चंदननगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के बैंक खाते से बिना ओटीपी के 1 लाख 34 हजार रुपए निकलने का मामला सामने आया है. पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले मे प्रकरण दर्ज किया है.

पुलिस के अनुसार 73-बी गली नंबर 1, चंदननगर में रहने वाले 33 वर्षीय जुनैद खान के बैंक ऑफ इंडिया खाते से कल शाम 7.15 से 7.35 बजे के बीच अचानक रकम कटने लगी. शिकायतकर्ता के मुताबिक, जबकि उसने कोई ट्रांजेक्शन नहीं किया और न ही किसी को ओटीपी साझा किया. खाते से पहली बार 1 रुपए, फिर 99,999 रुपए, फिर 30,000 रुपए और 4,000 रुपए की राशि यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर हुई. इस तरह कुल 1,34,000 रुपए की निकासी होने पर पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई. चंदननगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. साइबर सेल की मदद से ट्रांजेक्शन की जानकारी खंगाली जा रही है.

# एडवोकेट से व्हाट्सऐप वीडियो कॉल पर सेक्सटॉर्शन

- एडिट अश्लील क्लिप भेजकर पैसे मांगे, अज्ञात पर केस दर्ज
- पश्चिम बंगाल की सिम से आया कॉल

**इंदौर.** एमआईजी थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया के माध्यम से ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है. अज्ञात साइबर ठग ने वीडियो कॉल के जरिए एक एडवोकेट को फंसाकर उसका एडिटेड अश्लील वीडियो तैयार किया और बदनाम करने की धमकी देते हुए रुपए की मांग की, पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

एमआईजी थाना पुलिस के अनुसार, सतपुड़ा भवन निवासी 27 वर्षीय एडवोकेट राहुल सोंती की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है. फरियादी ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को सुबह करीब 11 बजे एक अनजान नंबर से व्हाट्सऐप पर वीडियो कॉल आया था. कॉल पर एक युवती की आवाज थी, जिसने खुद को किसी मामले में कानूनी सलाह लेने की बात कहते हुए उनसे बातचीत शुरू की. वीडियो कॉल के दौरान स्क्रीन पूरी तरह धुंधली थी और सामने वाला व्यक्ति दिखाई नहीं दे रहा था. कुछ सेकेंड बाद कॉल काट दी गई. इसके बाद उसी नंबर से उन्हें एक अश्लील क्लिप भेजी गई और इसके जरिए पैसों की मांग करते हुए धमकी दी गई. आरोपी ने फेसबुक और इंस्टाग्राम पर उसके दोस्तों की आईडी के स्क्रीनशॉट भेजते हुए धमकी दी कि यदि रकम ट्रांसफर नहीं की गई तो उक्त वीडियो उसके परिचितों और रिश्तेदारों को भेज दिया जाएगा.

**वेस्ट बंगाल से इश्यू हुई सिम**

एमआईजी थाना पुलिस के अनुसार, प्राथमिक जांच में सामने आया है कि जिन मोबाइल नंबरों से कॉल और मैसेज किए गए, उनकी सिम पश्चिम बंगाल से जारी होना पाई गई है. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और संदिग्ध मोबाइल नंबरों के धारकों की जानकारी जुटाने के साथ साइबर सेल की मदद से जांच कर रही है.

## एक नजर में

### श्री अकेडमी में महू के पहले स्कूली कुश्ती प्रशिक्षण संस्थान का शुभारंभ



**महू.** भारतीय संस्कृति के सबसे लोकप्रिय एवं गौरवशाली खेल कुश्ती को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से ग्राम कोदरिया स्थित श्री एकेडमी में पद्मश्री महाबली सतपाल के नाम से अंतरराष्ट्रीय मेट के अखाड़े की स्थापना की गई. इस अखाड़े का उद्घाटन स्वयं महाबली सतपाल पहलवान ने कोदरिया आकर किया. दरअसल, महाबली सतपाल के सानिध्य में उनके शिष्य डॉक्टर राजेश कुमार पाटीदार ने इस अखाड़े को बनाने एवं पहलवानों को तैयार करने का बीड़ा उठाया और इस अखाड़े का शुभारंभ कई वरिष्ठ पहलवानों के सानिध्य में हुआ. इस ट्रेनिंग सेंटर के संरक्षक मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष नारायण यादव रहेंगे. इस अखाड़े का सीधा संपर्क देश के सबसे बड़े कुश्ती केंद्र दिल्ली स्थित छत्रसाल स्टेडियम के सारे कोच और महाबली सतपाल के साथ रहेगा. जहां बारी-बारी से पहलवान विद्यार्थियों के लिए ट्रेनिंग कैंप और कुश्ती प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे. यह अखाड़ा न केवल क्षेत्र के युवाओं को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करेगा, बल्कि अनुशासन, संस्कार और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का कार्य करेगा. इस अवसर पर देश में अंतरराष्ट्रीय महिला कुश्ती के संयोजक, अंतरराष्ट्रीय धुरंधर दंगल के प्रभारी मानसिंह यादव, रवि राज सिंह, वीरेंद्र स्वामी पहलवान, मिश्रीलाल पहलवान, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार के प्रतिनिधि एडवोकेट मोहन रघुवंशी, विधायक ऊषा ठाकुर के प्रतिनिधि महेश यादव, जनपद प्रतिनिधि सुनीता लाहौरे, सविता कौशल, गजानंद पहलवान, बाबूलाल पाटीदार, राष्ट्रीय पदक विजेता रोहित पाल पहलवान, मन्नू पहलवान, अमरसिंह पहलवान, विजय पाटीदार, राजकुमार कैथवास एवं अन्य संस्थानों के पहलवान एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे.

### शिवाजी की जीवनी अपनाने के लिए विद्यार्थियों को किया जागरूक




**महू.** वीर शिरोमणि राष्ट्र नायक मां भारती के पराक्रमी सपूत राष्ट्र धर्म रक्षक छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती भारत रक्षा मंच के तत्वावधान में गउली पलासिया स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई. मंच के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य महिला प्रकोष्ठ इंदौर संभाग संगठन मंत्री रीता प्रधान ने बच्चों को शिवाजी की आदर्श जीवनी के बारे में उल्लेख किया. कार्यक्रम में संघ के इंदौर जिला प्रचारक लाल केलोत्रा, सेवा भारती के प्रमुख गणेश पाटीदार, भारत सिंह बोराणा आदि मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे. इस अवसर पर अतिथियों ने अपने उद्बोधन में अपना धर्म, संस्कार, राष्ट्र भक्ति के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि शिवाजी महाराज की जीवनी आज भी पीढ़ियों को आत्मगौरव संगठन और राष्ट्र के निर्माण की प्रेरणा प्रदान करता है. इस मौके पर कार्यक्रम की संयोजक रीता प्रधान द्वारा बच्चों के लिए शिवाजी के छाया चित्र, निबंध, स्पीच यदि प्रतियोगिताएं रखी गई थीं. उत्साह वर्धन के लिए सभी बच्चों को स्केच पेन और पानी की बोतल पुरस्कार स्वरूप दिए गए. कार्यक्रम में महू नगर अध्यक्ष श्याम सुले, महू नगर महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष चंदा कुंडल, बाल उपाध्यक्ष अमृता वर्मा, अहिल्या अखाड़ा संस्थापक आशा परमार, भावना दीदी, रेखा दीदी, सुमन दीदी स्कूल का पूरा स्टाफ उपस्थित रहे. कार्यक्रम के अंत में निरंजन जी ने आभार व्यक्त किया.


